Title: Need for early completion of construction work of Navodaya Vidyalaya in Auraiya district, Uttar Pradesh.

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) : अध्यक्ष महोदय, देश के सभी नवोदय विद्यालयों का संचालन एवं नियंत्रण केन्द्र सरकार कर रही है। मेरे संसदीय् क्षेत्र कन्नौज, उत्तर प्रदेश के जिला औरेया में एक नवोदय विद्यालय का विगत कुछ र्वाों से निर्माण हो रहा है। स्कूल निर्माण की गति इतनी धीमी है कि क्षेत्र की जनता एवं मुझे ऐसा नहीं लग रहा है कि आगामी एक-दो र्वाों में उक्त विद्यालय का निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्य पूरा हो जाएगा। पढ़ाई शुरु होने की बात तो अलग है। उस क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में घोर निराशा व्याप्त है।

अतः, अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं केन्द्र सरकार एवं संबंधित मंत्री जी का ध्यान आकर्िात करते हुए सरकार से यह मांग करता हूं कि जिला औरेया में आधे-अधूरे निर्मित नवोदय विद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र से शीघ्र पूरा करने के साथ अन्य आवश्यक साधन उपलब्ध करायें, जिससे शीघ्र ही विद्यालय में पढ़ाई शुरु की जा सके।

MR. SPEAKER: Are you raising it for the first time in the House?

SHRI AKHILESH YADAV: Yes, Sir.